न्यायालय जिला कलेक्टर,टोंक

(गौरव अग्रवाल,आई0ए0एस0 द्वारा अध्यासित)

प्रकरण संख्या 13/2013
प्रविष्टि दिनांक 21–10–2013

1.बद्री पुत्र अम्बालाल गुर्जर निवासी ग्राम अभयपुरा तहसील निवाई जिला टोंक राज0
2.बुंजरंगा पुत्र बेंजनाथ गुर्जर निवासी ग्राम अभयपुरा तहसील निवाई जिला टोंक राज0

............प्रार्थीगण

बनाम

1.हरिराम पुत्र छोगा गुर्जर निवासी ग्राम अभयपुरा तहसील निवाई जिला टोंक राज0
2.भू–आवंटन सलाहकार समिति जरिये उपखण्ड अधिकारी निवाई

.... अप्रार्थीगण

आवेदन अन्तर्गत नियम 14(4) भू–आवंटन नियम 1970

उपस्थिति : (1) श्री बसंन्त कुमार जैन अभिभाषक प्रार्थीगण
(2) श्री दौलतराम चोधरी अभिभाषक अप्रार्थीगण

निर्णय दिनांक 24–2–2021

प्रार्थना पत्र का संक्षिप्त में सार इस प्रकार है कि भू आवण्टन सलाहकार समिति द्वारा दिनांक 7–1–1983 को प्रतिपक्षी सं0 1 हरिराम को आ0ख0नं0 109/2 रकबा 2 बीघा 7 बिस्वा भूमि वाके ग्राम अभयपुरा तहसील निवाई में आवंटन किया गया है। प्रार्थीगण ने उक्त आवंटन को विधि विरूद्व एवं नियमों के प्रतिकूल बताते हुए आवंटन आदेश को निरस्त किये जाने हैतु यह प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया एवं तलबी जरिये नोटिस अप्रार्थीगण की गई। आवंटन सम्बन्धी पत्रावली तलब की गई। उभयपक्ष के अभिभाषकगण की बहस सुनी गई।

विद्वान अभिभाषक प्रार्थीगण ने कथन किया है कि भू–आवंटन सलाहकार समिति द्वारा दिनाक 7–1–1983 को बिना उद्घोषणा जारी किये मौका रिपोर्ट लिये बिना हरिराम पुत्र छोगा गुर्जर को ख0न0 109/2 मे 2 बीघा 7 बिस्वा भूमि का आवंटन किया गया है। आवंटी को नाम चोप कर भूमि का कब्ला नहीं संभलाया गया है। आवंटी द्वारा आवंटन शर्तो की पालना नही की गई है। आवंटी का आवंटन भूमि पर कभी भी कब्जा काश्त नही रहा है। विपक्षी सद्भावी कृषक नही है उक्त भूमि प्रार्थीगण के पूर्वज करीब 100 वर्षों से काश्त करते चले आ रहे हैं। विपक्षी करीब 15–20 दिन पूर्व मेरे पास आया ओर कहने लगा की भूमि का आवण्टन मेरे नाम [illegible] भूमि को खरीद लो या मुझे कब्जा दे दो अन्यथा मुझे कब्जा छीन कर किसी [illegible] को भूमि बेचना बड़ेगी, जिससे प्रार्थीगण को भूमि आवण्टन [illegible] तथा प्रार्थीगण ने आवंटन आदेश की नकल प्राप्त कर आवेदन प्रस्तुत किया [illegible] भी विलम्ब माना जा[illegible]

Signature Not Verified
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Date: 2021.04.06 11:13:34 IST
Reason: SelfAttested

जिला कलेक्टर
टोंक

Scanned by CamScanner

तो विलम्ब क्षमा करने हेतु प्रथम से प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है। अतः आवेदन स्वीकार कर विपक्षी सं0 1 के पक्ष में किया गया आवंटन निरस्त कर भूमि सिवायचक दर्ज की जावे।

विद्वान अभिभाषक अप्रार्थीगण ने जवाबी बहस मे कथन किया कि भू–आवंटन सलाहाकार समिति द्वारा अप्रार्थी सं0 1 हरिराम गुर्जर को आा0ख0न0 109/2 मे रकबा 2 बीघा 7 बिस्वा वाके ग्राम अभयपुरा तह0 निवाई मे नियमानुसार आवंटन की गई है। आवंटित भूमि प्रतिपक्षीगण की खातेदारी मे दर्ज है। आवंटी द्वारा आवंटन शर्तो की पालना की गई है। विपक्षीगण का कब्जा काश्त चला आ रहा है। विपक्षीगण भूमिहीन कृषक है तथा आवंटन शर्तो की पूर्ण पालना की है। अतः प्रार्थना पत्र खारिज योग्य है।

हमने उभयपक्ष के अभिभाषकगण की बहस पर मनन किया तथा प्रस्तुत दस्तावेजात एवं आवंटन पत्रावली का ध्यानपूर्वक अध्ययन किया। आवंटन पत्रावली का अवलोकन करने से विदित होता है कि अप्रार्थी सं0 1 हरिराम पुत्र छोगा गुर्जर को ख0न0 109/2 मे 2 बीघा 7 बिस्वा भूमि का भू–आवंटन सलाहाकार समिति द्वारा दिनाक 7–1–1983 को आवंटन किया गया है। तथा दिनांक 11–1–1983 को भूमि का सुपर्दगीनामा भी दिया गया है। अभिभाषक प्रार्थीगण द्वारा जो नकल खसरा परिवर्तनशील पेश की गई है, उसके भी प्रार्थीगण के कब्जे का अंकन नहीं है उनका कब्जा खसरा नम्बर 109/1 में बताया गया है। जबकि विपक्षी को भूमि खसरा नम्बर 109/2 में आवटित हुई है। वर्तमान मे आवंटित भूमि प्रतिपक्षी सं0 1 जमाबन्दी सम्वत 2066–69 वाके ग्राम अभयपुरा में खातेदारी मे दर्ज है। प्रार्थीगण ने ऐसा कोई साक्ष्य–सबूत प्रस्तुत नही किया है जिसके आधार पर आवंटन निरस्त किया जा सके। आवंटन सलाहाकार समिति द्वारा विपक्षी सं0 1 के हक मे आवंटन नियमानुसार किया गया है जिसे निरस्त किया जाना उचित प्रतीत नही होता है।

फलतः प्रार्थना–पत्र प्रार्थी अस्वीकार किया जाकर अप्रार्थी सं0 1 हरिराम गुर्जर पुत्र छोगा गुर्जर निवासी ग्राम अभयपुरा तह0 निवाई को आा0ख0न0 109/2 मे रकबा 2 बीघा 7 बिस्वा वाके ग्राम अभयपुरा तह0 निवाई जिला–टोंक में किया गया आवंटन यथावत रखा जाता है।

निर्णय आज दिनांक 24–2–2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(गौरव अग्रवाल)
जिला कलेक्टर,टोंक
जिला कलेक्टर
टोंक

सत्यमेव जयते
टोंक (राजस्थान)

Signature Not Verified

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Date: 2021.04.06 11:13:34 IST
Reason: SelfAttested

Scanned by CamScanner